कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार,
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
दूरभाष : 0522–2288656 cehydelpcl@gmail.com फैक्स : 0522–2288655

पत्रांक– 225 –अ–7 / टी0जी0–2(वि0) / सीधी भर्ती / 2019 दिनांक : 28 / 02 / 2019

## कार्यालय ज्ञाप

सचिव, विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ के पत्रांक 4687 / विसेआ / 4–2014 दिनांक 13.12.2018 द्वारा घोषित चयन सूची *विज्ञापन सं0–4 / विसेआ / 2014 के अन्तर्गत टी0जी0–2 के 2211 पदों पर दिनांक 14.07.2015 को घोषित चयन परिणाम के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद योजित याचिका 41750 / 2015 में दिनांक 07.10.2017 को पारित आदेश के अनुपालन में केवल NIELIT/DOEACC द्वारा निर्गत CCC अथवा विधि मान्य समतुल्य / समकक्ष कम्प्यूटर प्रमाण पत्र को संज्ञान में लेते हुए कारपोरेशन द्वारा गठित समिति के निर्णयानुसार, पूर्व चयनित सभी 2211 अभ्यर्थियों के कम्प्यूटर सम्बन्धी प्रमाण पत्र की जॉच हेतु अन्तिम तिथि 10.05.2018 निर्धारित की गयी थी। उक्त तिथि तक प्राप्त प्रमाण पत्रों के आधार पर CCC अथवा विधि मान्य समतुल्य / समकक्ष प्रमाण पत्रों को संज्ञान में लेते हुए तथा जिन अभ्यर्थियों के द्वारा कम्प्यूटर प्रमाण पत्र उपलब्ध नही कराये गये थे को अनर्ह मानते हुए दिनांक 13.05.2018 को 714 अभ्यर्थियों का चयन निरस्त कर दिया गा था। दिनांक 13.05.2018 के उपरान्त पुनः सम्बन्धित कार्यालयों से उन अभ्यर्थियों की मूल पत्रावली मय कम्प्यूटर प्रमाण पत्र मांगे गये जिनका चयन कम्प्यूटर प्रमाण पत्र प्राप्त न होने के कारण निरस्त किया गया था। तदोपरान्त 111 अभ्यर्थी ऐसे पाये गये जिनके पास CCC अथवा विधि मान्य समतुल्य / समकक्ष प्रमाण पत्र था, अतः 714–111=603 अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 21.06.2018 को पुनर्सृजित की गयी। तदोपरान्त 111 अभ्यर्थियों जिनके विरुद्ध पुर्नसृजित सूची निर्गत नही की गई में से **07 अभ्यर्थियों के निरस्त चयन को आयोग / उ0प्र0पा0का0लि0 के अनुमोदन दिनांक 11.12.2018 के अनुक्रम में पुनर्चयनित घोषित*** टी0जी0–2(प्र0) विद्युत अभ्यर्थी को प्रबन्ध निदेशक महोदया, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के अनुपालन में सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध वेतन बैण्ड–1 में वेतनमान रू0 5200–20200 सादृश्य ग्रेड वेतन रू0 2600 (अन्य भत्ते उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में लागू नियमानुसार) तथा वर्णित सेवा शर्तो एवं अन्य प्रतिबन्धों के अधीन निम्न तालिका के अनुसार उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ–07 के अनुसार एतदद्वारा नियुक्ति हेतु आवंटित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | गृहजनपद | आवंटित डिस्काम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 21301673 | योगेश गौतम | बाबू लाल गौतम | 05.09.1993 | मिनधा (आगरा) | आगरा |
| 2 | 21301949 | कृष्ण मुरारी यादव | सुरेन्द्र कुमार यादव | 01.07.1988 | देवरिया | वाराणसी |
| 3 | 22103413 | शुभम सिंह | राज कुमार सिंह | 08.08.1995 | मिर्जापुर | वाराणसी |

1. उपरोक्त अभ्यर्थियों को विभिन्न खण्डों में टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) विद्युत के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु प्रबन्ध निदेशक द्वारा अपने स्तर से विभिन्न खण्डों को आवश्यकतानुसार आवंटित किया जाएगा एवं सम्बन्धित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता द्वारा उनकी नियुक्ति यथासम्भव उनके गृह जनपद में इस प्रकार की जाएगी कि उनकी तैनाती उस उपखण्ड में न हो जहाँ पर उनका गृह स्थान स्थित है।
2. प्रशिक्षण :– उपरोक्तानुसार नियुक्ति के पश्चात् एक माह का आधारभूत प्रशिक्षण निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिया जायेगा जिसकी सूचना निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ द्वारा सीधे टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) के तैनाती इकाई (डिस्काम) से सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक को दी जायेगी। प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का मूल्यांकन असन्तोषजनक पाये जाने पर इनका प्रशिक्षण 1 माह और बढ़ा दिया जायेगा। इसके बाद भी सन्तोषजनक न पाये जाने पर टेक्नीशियन ग्रेड–2 (प्रशिक्षु) विद्युत के पद पर उनको दी गयी नियुक्ति निदेशक विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ की संस्तुति पर सम्बन्धित डिस्काम के सक्षम अधिकारी द्वारा समाप्त भी की जा सकती है। उपरोक्त प्रशिक्षण के दौरान उन्हें टेक्नीशियन ग्रेड–2 (प्रशिक्षु) विद्युत के पद हेतु नियमानुसार अर्ह वेतन एवं अन्य भत्ते देय होगें।

3. सेवा विनियमावली की धारा 23 (1) के अनुसार इस प्रकार नियुक्त अभ्यर्थी कुल 2 वर्ष के परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रहेंगे एवं इन पर परिचालकीय कर्मचारी सेवा विनियमावली 1995 (यथा संशोधित) के अन्य समस्त प्राविधान एवं शर्ते लागू होगी।

4 विभिन्न डिस्काम को आवंटित टी0जी0–2(प्रशिक्षु) विद्युत की वरिष्ठता (Seniority) उनकी तैनाती इकाई (डिस्काम) के सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक द्वारा विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली मेरिट लिस्ट के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

*5. सचिव, विद्युत सेवा आयोग के पत्रांक 4687/विसेआ/6–2015/टी0जी0–2 दिनांक 13.12.2018 के अनुपालन में नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व नियुक्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर लें कि (1) आवेदन पत्र पर लगी फोटो, हस्ताक्षर, अँगूठा निशान, प्रवेश पत्र पर लगे फोटो, हस्ताक्षर अँगूठा निशान आदि आपस में मेल खाते हैं। (2) संगत सेवा विनियम में निहित प्राविधानों का अनुपालन तथा अभ्यर्थियों के अभिलेखों की मूल प्रमाण पत्रों से जॉच अपने स्तर पर कराना समीचीन होगा। (3) अभ्यर्थियों द्वारा संलग्न प्रमाण पत्रों की सम्बन्धित संस्था से प्रमाणिकता की जॉच नियुक्ति अधिकारी अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।*

मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)

संख्या : 225/अ–7/तद्दिनांक/28.02.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने नियंत्रणाधीन खण्डों के अधिशासी अभियन्ता को उनके खण्डों में टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) विद्युत के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध उक्त प्रस्तर–5 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये नियुक्ति पत्र यथाशीघ्र निर्गत करने का कष्ट करें :–

1. प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा को नियुक्ति की अग्रेतर कार्यवाही हेतु इस टिप्पणी के साथ कि इस कार्यालय के ज्ञाप सं0–2142–अ–07 दिनांक 24.07.2015 द्वारा किये गये आवंटन के समय अभ्यर्थी **श्री योगेश गौतम, टी0जी0–।।(प्र0) विद्युत (अनुकमांक–21301673)** का फोल्डर पूर्व में आपके डिस्काम को प्रेषित किया जा चुका है।
2. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी को श्री शुभम सिंह टी0जी0–।।(प्र0) विद्युत **(अनुकमांक–22103413) का फोल्डर मूलरूप में संलग्न करते हुए नियुक्ति की अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही हेतु** इस टिप्पणी के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय के ज्ञाप सं0–2142–अ–07 दिनांक 24.07.2015 द्वारा किये गये आवंटन के समय अभ्यर्थी श्री कृष्ण मुरारी यादव **टी0जी0–।।(प्र0) विद्युत (अनुकमांक–21301949)** का फोल्डर पूर्व में आपके डिस्काम को प्रेषित किया जा चुका है।

संलग्नक : यथोपरि।

(अरूण कुमार)
वैयक्तिक सहायक–द्वितीय
कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)

संख्या : 225/अ–7/तद्दिनांक/28.02.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को अवलोकनार्थ प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ को सूचनार्थ एवं यथावश्यक कार्यवाही हेतु।

(अरूण कुमार)
वैयक्तिक सहायक–द्वितीय
कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)

संख्या : 225/अ–7/तद्दिनांक/28.02.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ को उनके पत्रांक 4687/विसेआ/6–2015/टी0जी0–2 दिनांक 13.12.2018 के संदर्भ में प्रेषित।
2. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह सूची को कारपोरेशन की वेबसाइट पर शीघ्र अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

Kumar 28.2.19

(अरूण कुमार)
वैयक्तिक सहायक–द्वितीय
कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)